
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 192 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**
राजनीति में बदलाव



# पेज श्री

देहरादून, मंगलवार, 2 नवंबर 2021



मौसम अधिकतम 25.0° न्यूनतम 14.0° | 40243.39

2 भारत में फैला था निपाह वायरस

7 टीम बाहर या सेमीफाइनल की उम्मीदें बाकी

# विश्व नेताओं के साथ काम करने के लिए उत्सुक

## ग्लासगो में भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से पीएम मोदी ने की मुलाकात, काप–26 में लेंगे हिस्सा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ग्लासगो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन से अपने यूरोपीय दौरे की शुरुआत कर दी है। वह इटली की राजधानी रोम में आयोजित जी–20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद अब वह रविवार को ग्लासगो पहुंचे हैं। यहां पीएम मोदी संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्काटलैंड के ग्लासगो में भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात की है। ग्लासगो में अपने होटल पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत भारतीय प्रवासी प्रतिनिधियों के एक बड़े समूह ने किया, जिन्होंने भारत माता की जय के नारे लगाए।

इसके पहले पीएम मोदी ने अपने ग्लासगो दौरे की जानकारी ट्वीट कर भी दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, ग्लासगो पहुंच गया हूं। यहां काप–26 में हिस्सा लूंगा। इस दौरान मैं जलवायु परिवर्तन को कम करने और इस संबंध में भारत के प्रयासों को स्पष्ट करने के लिए अन्य विश्व नेताओं के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

**बोरिस जानसन के साथ होगी पीएम मोदी की बैठक**

बता दें कि पीएम मोदी काप–26 में भाग लेने वाले हैं। साथ ही संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की बैठक के मौके पर अपने ब्रिटिश समकक्ष बोरिस जानसन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री द्वारा इस साल की शुरुआत में दो बार कोरोना महामारी के कारण अपनी भारत यात्रा रद करने के बाद मोदी और जानसन के बीच यह पहली व्यक्तिगत बैठक होगी।

गौरतलब है कि ग्लासगो में वैश्विक शिखर सम्मेलन के लिए स्काटिश इवेंट कैंपस (एसईसी) में होने जा रहे जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के रूपरेखा समझौते (यूएनएफसीसीसी) के लिए पक्षकारों के 26वें शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं के सम्मेलन (डब्ल्यूएलएस) में पीएम मोदी समेत 120 विभिन्न सरकारों के प्रमुख और राष्ट्र प्रमुख शामिल होंगे।

### दुनिया के लिए पांच अरब टीके तैयार करेगा भारत

मोदी ने कहा कि भारत अगले वर्षों में दुनिया के लिए पांच अरब कोविड टीके बनाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, इसके लिए भी यह महत्वपूर्ण है कि कच्चे सामान की आपूर्ति में कोई बाधा न हो। उन्होंने कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में सुधार के लिए तीन पहलू सबसे महत्वपूर्ण हैं –विश्वसनीय स्रोत, पारदर्शिता और समयसीमा।



### पारदर्शिता पर दिया जोर

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला की विश्वसनीयता के लिए यह भी आवश्यक है कि उसमें पारदर्शिता हो। उन्होंने कहा, पारदर्शिता के अभाव में आज हम देख रहे हैं कि दुनियाभर में कई कंपनियां छोटी–छोटी चीजों की कमी का सामना कर रही हैं। अगर अहम वस्तुओं का समय पर बंदोबस्त नहीं होता तो इससे बड़ा नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा, कोरोना वायरस महामारी के दौरान दवा और चिकित्सा आपूर्ति के मामले में हमने यह देखा है। इसलिए समयबद्ध सीमा के भीतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हमें अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लानी होगी।

### भारत ने बढ़ाया वैक्सीन का निर्यात

मोदी ने कहा, महामारी के शुरुआती महीनों में हम सबने महसूस किया कि आवश्यक दवाओं, स्वास्थ्य उपकरणों और टीकों को बनाने के लिए कच्चे माल की कमी है। अब जब विश्व आर्थिक बहाली के लिए तैयार हो रहा है तो सेमीकंडक्टरों और अन्य सामान की आपूर्ति की समस्याएं स्वस्थ वृद्धि की राह में आ रही हैं। उन्होंने पूछा कि दुनिया में किसने सोचा था कि कभी जहाज के कंटेनरों की भी कमी होगी। उन्होंने कहा कि टीकों की वैश्विक आपूर्ति में सुधार लाने के लिए भारत ने कोविड टीकों का निर्यात बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा, हम हिंद–प्रशांत क्षेत्र को बेहतर और किफायती कोविड–19 रोधी टीके उपलब्ध कराने के लिए अपने क्वाड साझेदारों के साथ मिलकर भी काम कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नए 12 हजार मामलों के साथ 248 दिनों में सबसे कम हुए सक्रिय केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दुनिया में आने वाले दिसंबर में कोरोना वायरस को आए हुए पूरे दो साल हो जाएंगे और देखा जाए तो आज भी कई क्षेत्र इस बीमारी से बेहद प्रभावित दिखाई पड़ रहे हैं। हाल के समय में कोरोना वायरस के कारण भारत में भी मौतों में इजाफा देखा गया है। हालांकि, बीते दिन मौतों में कमी आई है। वहीं, केरल एक मात्र ऐसा राज्य है, जहां संक्रमण के मामलों ने चिंता बढ़ा रखी है। भारत में सोमवार को कोरोना के मामले साढ़े 12 हजार दर्ज हुए।

### समीर वानखेड़े ने पेश किए जाति दस्तावेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जाली जाति दस्तावेजों के आरोपों के बीच, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) मुंबई के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े ने सोमवार को दिल्ली पहुंचकर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के समक्ष अपना जाति प्रमाण पत्र पेश किया।

# भारत के वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट को पांच और देशों ने दी मान्यता

## हजारों की तादाद में पढ़ाई करने वाले छात्रों को बड़ी राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया कि पांच और देश भारत के टीकाकरण प्रमाण पत्र को मान्यता देते हैं, जिसमें एस्टोनिया, किर्गिस्तान, फिलिस्तीन राज्य, मॉरीशस और मंगोलिया शामिल हैं। इन देशों में भारत में वैक्सीनेशन के बाद यात्रा कर सकेंगे। वहीं आस्ट्रेलियाई सरकार ने भारत बायोटेक की कोरोना वैक्सीन कोवैक्सीन को मान्यता दे दी है।

भारत में आस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओश्फेरेल एओ ने इसकी जानकारी दी है। उनके मुताबिक, आस्ट्रेलियाई सरकार ने यात्रियों के टीकाकरण स्टेटस के उद्देश्य से भारत बायोटेक की कोवैक्सीन को मान्यता दे दी है। इसका मतलब हुआ कि अब कोई भी यात्री जिसने कोवैक्सीन की डोल ली तो वह आस्ट्रेलिया की यात्रा कर सकता है।

ज्ञात हो कि आस्ट्रेलिया और पांच अन्य देशों के अलावा दुनिया के 30 से अधिक देशों से भारत के वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट को मान्यता दी है। इन देशों में जर्मनी, फ्रांस, नेपाल, बेलारूस, आर्मेनिया, लेबनान, यूक्रेन, बेल्जियम, हंगरी और सर्बिया शामिल हैं।

इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अक्टूबर माह में कहा था जिन देशों ने भारत के टीकाकरण को मान्यता दी है, उन देशों में प्रवेश के लिए भारतीय यात्रियों को वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट दिखाना होगा और जाने का मकसद भी बताना होगा।

**वैक्सीनेशन अभियान हर घर दस्तक होगा शुरूः** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा था कि केंद्र सरकार एक मेगा वैक्सीनेशन अभियान हर घर दस्तक शुरू करने जा रही है। कोविड टास्क फोर्स के चीफ वीके पॉल ने हाल ही में इस बात पर भी खुशी जाहिर की कि भारत में वैक्सीन की कोई कमी नहीं है।

### ऑस्ट्रेलिया ने भारत की कोवैक्सीन को मान्यता दी

मेलबर्न। कोरोना से जंग के लिए कोवैक्ष्सीन को मान्यता देने में विश्व स्वास्थ्य संगठन भले ही लगातार हीलाहवाली कर रहा हो लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने अब भारत में बनी इस वैक्सीन को मान्यता दे दी है। ऑस्ट्रेलिया के इस ऐलान से हजारों की तादाद में भारतीयों को राहत मिली है जो अभी ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए इस कोरोना वैक्सीन को WHO के मान्यता देने का इंतजार कर रहे थे।

# पीएम मोदी की रैली में सीरियल ब्लास्ट के दोषियों को सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार की राजधानी के गांधी मैदान और पटना जंक्शन पर सिलसिलेवार बम ब्लास्ट मामले में सोमवार को एनआइए की विशेष अदालत ने सजा का ऐलान कर दिया। कोर्ट ने चार आतंकियों को फांसी और दो को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं दो दोषियों को 10 तो एक को सात वर्ष की सजा दी गई है। इम्तियाज अंसारी, हैदर अली, नुमान अंसारी और मोजीबुल्लाह अंसारी को फांसी दी गई है। 27 अक्टूबर 2013 को गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और एनडीए के पीएम उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी की हुंकार रैली से पहले गांधी मैदान और जंक्शन में हुई वारदात में छह लोगों की जान चली गई थी। साथ ही करीब 85 लोग घायल हो गए थे। जेल में बंद दस अभियुक्तों को पिछले महीने की 27 तारीख को अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। नौ को मामले में दोषी और एक को बरी कर दिया गया था।

एनआइए कोर्ट ने मामले में उमेर सिद्दीकी, अहमद हुसैन, अजहरुद्दीन कुरैशी, हैदर अली, इम्तियाज अंसारी, मोजिबुल्लाह अंसारी, फिरोज अहमद और नुमान अंसारी को आइपीसी एक्ट की विभिन्न धाराओं, एक्सप्लोसिव एक्ट की विभिन्न धारा, यूए (पी) एक्ट और रेलवे एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी करार दिया था। एक अभियुक्त नाबालिग था, जिसे पहले ही तीन वर्ष की कैद की सजा सुनाई जा चुकी है। जांच के दौरान आतंकियों का कनेक्शन उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के साथ ही छत्तीसगढ़ के रायपुर से जुड़ा था। रायपुर में ही दो आतंकियों की मुलाकात हुई थी। आतंकियों का एक प्लान यह भी था कि अगर वे कामयाब नहीं भी हुए तो सभा में सीरियल ब्लास्ट कर भगदड़ मचा देंगे। 2014 में सभी आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने के बाद अबतक 187 लोगों की कोर्ट में गवाही कराई गई थी।

### फैसला

■पटना की एनआईए कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# नहीं लड़ेंगे यूपी का विधानसभा चुनाव

## सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का बड़ा ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि वह उत्तर प्रदेश का अगला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। अखिलेश यादव आजमगढ़ लोकसभा सीट से सांसद हैं। हालांकि इस बयान के बाद में पार्टी के प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने इस बात का खंडन करते हुए कहा कि अखिलेश यादव इस बार चुनव लड़ेंगे या नहीं, यह पार्टी अभी तय करेगी। उन्होंने पिछला विधानसभा चुनाव भी नहीं लड़ा था।

आजमगढ़ से सांसद अखिलेश यादव ने कहा है कि वह छोटी पार्टियों से गठबंधन कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के लिए उनकी पार्टी और रालोद के बीच गठबंधन के बाद सीटों पर अंतिम चरण में बातचीत चल रही है। चुनाव में चाचा शिवपाल यादव की प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया को साथ लेने की संभावना पर कहा कि मुझे इसमें कोई समस्या नहीं है। उन्हें और उनके लोगों को उचित सम्मान दिया जाएगा। दरअसल, अखिलेश यादव विस चुनाव की तैयारियों पर अपना पूरा ध्यान रखना चाहते हैं।